PAE के भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी

हमने अपनी सिटी योजना 2030 और वार्षिक व्यापारिक योजना व बजट 2020-2021 को ड्राफ्ट कर लिया है और हम चाहते हैं कि आप हमें अपने विचार बताएँ।

सिटी योजना 2030 – हमारे भविष्य के लिए एक उद्देश्य

हमारे जीवन में बहुत कुछ बदल गया है, विशेषकर 2020 में और जैसे-जैसे हम अपने भविष्य के लिए योजनाएँ बनाते हैं, वैसे-वैसे अनुरुप होना महत्वपूर्ण है। नई सिटी योजना 2030 एक रोचक उद्देश्य निर्धारित करती है जहाँ:

- हमारी अर्थ-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, हमारी सिटी में नौकरियों और हमारे क्षेत्र में निवेश के अवसर होंगे
- हमारा समुदाय सुरक्षित, एक-दूसरे से जुड़ा और सक्रिय महसूस करेगा
- हमारा वातावरण और विरासत विशिष्ट और संरक्षित होंगे
- हमारे स्थान रूचिकर, शैक्षिक और रचनात्मक होंगे
- हमारे मार्गदर्शक फैसले लेने की क्षमता में विश्वास और स्पष्टता प्रदान करते हैं

वार्षिक व्यापारिक योजना और बजट 2020-2021

वार्षिक व्यापारिक योजना और बजट 2020-2021 में आपके लिए, अर्थात हमारे समुदाय के लिए उत्कृष्ठ परिणाम प्रदान करने हेतु हमारे वचनबद्धता को दस्तावेज़ी रुप देता है। यह निर्धारित करता है कि कम्युनिटी फंड्स किस तरह आपके द्वारा प्रतिदिन प्रयोग की जाने वाली सेवाएँ और सुविधाएँ प्रदान करेंगे, जैसे कि लाइब्रेरियाँ; सामुदायिक केन्द्र; पार्क और प्लेग्राउंड्स; खेलकूद के स्थान; सड़कें और फुटपाँथ; और वेस्ट एवं रिसाइक्लिंग।

ड्राफ्ट बजट में हमारी समुदाय की सहायता करने के लिए $2.4 मिलियन का COVID-19 फंड शामिल है – ऐसा हमारे निवासियों, रेट का भुगतान करने वाले लोगों और व्यापारों का समर्थन करने वाली वित्तीय सहायता और सेवाएँ प्रदान करके किया जाएगा।

2020-2021 की वार्षिक व्यापारिक योजना और बजट की अन्य विशिष्टताओं में शामिल हैं:

- लैंडफिल कम करने और रोज़गार का निर्माण करने के लिए Charles Sturt काउंसिल के साथ संयोजन में सामग्री रिक्वरी सुविधा-केन्द्र का निर्माण और संचालन करना
- घरों और व्यापारों को सुरक्षित रखने के लिए स्टॉर्मवाटर (तूफानी जल) प्रबंधन में निवेश करना
- हमारी पूरी सिटी में सुलभता और पार्किंग को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार
- सात प्लेग्राउंड्स का अपडेट कार्य
- हमारी सिटी को हरा-भरा करने के लिए पेड़ लगाए जाने और हमारी कैनोपी कवरेज को बढ़ाना, मुख्य जलवायु परिवर्तन के प्रस्तावों का समर्थन करना
- Prospect Road, Kilburn के साथ-साथ स्ट्रीटस्कैप कार्य शुरु करने
- सामुदायिक सुविधा-केन्द्रों, खेलकूद क्लबस और ज़मीनों में सुधार-कार्य जैसे कि Regency Park का विकास-कार्य, और LJ Lewis Reserve तथा Eastern Parade Reserve पर सुविधाओं का अपग्रेड कार्य

CIVIC CENTRE
163 St Vincent Street,
Port Adelaide SA 5015
PO Box 110,
Port Adelaide SA 5015

COUNCIL OFFICES
Enfield Library
1 Kensington Crescent, Enfield
Greenacres Library
2 Fosters Road, Greenacres

CONTACT
P (08) 8405 6600
E service@cityofpae.sa.gov.au
www.cityofpae.sa.gov.au

FOLLOW US
@CityofPAE

प्रस्तावित बजट में 1.5% की रेट वृद्धि शामिल है, जो औसतन रेट भुगतानकर्ता के लिए प्रति वर्ष $16 की वृद्धि के बराबर है। City of PAE का एडिलेड में सबसे निम्न रेटिंग वाली महानगरीय काउंसिलों में से एक काउंसिल बना रहना जारी है।

अपने विचार बताएँ!

हम प्रस्तावित योजनाओं और बजट के बारे में और इस बारे में आपके विचार जानना चाहेंगे कि आपको क्या लगता है कि हमारे समुदाय को कौन सी बात बढ़िया बनाती है और हमें किन क्षेत्रों में अधिक कोशिश करने पर ध्यान देने की ज़रुरत है।

यह वर्ष विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है कि हम PAE में आपके अनुभवों के बारे में आपके विचार जानें, और हमारे भविष्य के लिए आपकी उम्मीदों और महत्वकांक्षाओं के बारे में जानें। हम जानना चाहते हैं कि क्या आपको लगता है कि हम सही कार्यों पर ध्यान दे रहे हैं और क्या कोई ऐसे कार्य हैं जो हमारे समुदाय के जीवन को बेहतर बनाने में सहायता करने के लिए हमें करने बंद करने चाहिए, और अधिक करने चाहिए या करने शुरु करने चाहिए।

अपने विचार बताने के लिए

- www.cityofpae.sa.gov.au/have-your-say वेबसाइट पर जाएँ
- यह पोस्टकार्ड पूरा करें और हमें वापिस भेजें – डाक टिकट की ज़रुरत नहीं है
- हमें consultation@cityofpae.sa.gov.au पर ई-मेल करें और टाइटल पर Have your Say लिखें

फीडबैक 15 जून 2020 तक मिल जानी चाहिए

आपका कल्याण हमारी प्राथमिकता है

पिछले तीन महीनों में हम सभी के लिए बहुत कुछ बदल गया है। COVID-19 के बाद से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि हमारा समुदाय सुरक्षित और स्वस्थ है।

हम कूड़ा-करकट संग्रहण, सामुदायिक विकास और सामुदायिक सुरक्षा सेवाएँ, जन स्वास्थ्य सेवाएँ और पर्यावरणीय देखरेख प्रदान करना जारी रख रहे हैं। साथ ही, हमारे पास अतिरिक्त ऑनलाइन सेवाएँ और समर्थन उपलब्ध है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि आपको स्वस्थ्य और ठीक रहने में मदद देने के लिए काउंसिल क्या कर सकती है।

रेट्स में राहत

यदि आप वर्तमान में COVID-19 के सीधे परिणामस्वरुप आर्थिक कठिनाई का सामना कर रहे हैं तो हम आपको हमारे समर्थन की पेशकश करना और रेट के भुगतानों के विकल्प प्रदान करना चाहेंगे। https://www.cityofpae.sa.gov.au/council/role-and-function/rates पर रजिस्टर करें।

Civic Centre 163 St Vincent St, Port Adelaide
टेलीफोन: 8405 6600
वेबसाइट: www.cityofpae.sa.gov.au
ई-मेल: service@cityofpae.sa.gov.au